# कंप्यूटर (Computare)

**प्रस्तावना-** कम्प्युटर एक Electronic Device (यंत्र/उपकरण) है। जिसका मुख्य कार्य जानकारी को स्वीकार करना, उसका भंडारण करना और दिए गए निर्देश के आधार पर उन जानकारियों पर विभिन्न क्रियाएं जैसे गणना करना, तुलना करना, भंडारण करना या दूसरे शब्दों में कहें तो सहेज कर रखना और आवश्यकता पड़ने पर दिए गए निर्देशों को प्रदर्शित करना है। यह कम्प्युटर अंग्रेजी शब्द कम्प्यूट से बना है जिसका अर्थ गणना करना है। इसका उपयोग बहुत सारे सूचनाओं को प्रोसेस करने तथा इकट्ठा करने के लिए होता है। उदाहरण के रूप में जब हम कंप्यूटर में 5+5 को जोड़ने के लिए आदेश देते हैं, तो कंप्यूटर इसकी गणना करके उत्तर के रूप में हमे 10 प्रदर्शित करता है।

कम्प्युटर के आविष्कार के शुरुआती दिनों में कंप्यूटर का इस्तेमाल सिर्फ गणना (Calculation) करने के लिए किया जाता था। लेकिन आज हम कंप्यूटर का इस्तेमाल बहुत से कामों के लिए करते हैं जैसे - किसी भी तरह की Document बनाना, संदेश भेजना, गाना सुनना, फिल्म देखना, Game खेलना आदि! इस तरह की और भी कई अलग-अलग तरह के काम हम आज अपनी जरूरतों के हिसाब से कम्प्युटर के द्वारा आसानी से कर सकते हैं। हिन्दी में इसे संगणक कहते हैं। वर्तमान युग कंप्यूटर का युग है, आज प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जा रहा है चाहे स्कूल हो, कोई कार्यालय हो, बैंक हो, अस्पताल हो। आज की स्थिति में लगभग हर घर में कंप्यूटर मौजूद है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है। बेसिकली कम्प्युटर को हम जो भी निर्देश देते हैं, उस निर्देश देने की क्रिया को इनपुट (Input) कहते हैं। इसे हम एक तरह से यह कह सकते हैं कि हम कंप्यूटर को यह बताते हैं कि उसे करना क्या है। और इसी निर्देश के अनुसार कंप्यूटर कार्य करती है।

निर्देश देने के बाद कम्प्युटर में प्रोसेसिंग की प्रक्रिया शुरू होती है इसी Processing की प्रक्रिया के दौरान कंप्यूटर हमें हमारे Input के अनुसार रिजल्ट दिखाती है, जैसा कि हमने उदाहरण में समझा। Processing की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कम्प्युटर हमें जो स्क्रीन पर परिणाम (Result) दिखाती है, इस प्रक्रिया को आउटपुट (Output) कहते हैं।

जैसा कि हमें पता है कंप्यूटर शब्द को अंग्रेजी भाषा में इस तरह " Computare " लिखा जाता है, जो 8 अक्षरों से मिलकर बना है। अक्सर पूछा जाता हैं " Computare " (कंप्यूटर) का फुल फॉर्म क्या है? यह इसलिए पूछा जाता हैं की ये 08 अक्षर इसके अर्थ को और भी प्रभावशाली बनाता है।

" Computare " Full Form In Hindi

C : Commonly (समान्यता)

O : Operating (विश्लेषण)

M : Memory (स्मरण)

P : Printing(मुद्रण)

U : Updating(संशोधन)

T : Tabulating(सारणीयन)

E : Editing(संपादन)

R : Responding(प्रत्युत्तर)



Computer को ओसफोर्ड में इस तरह से परिभाषित किया गया है- **Computer एक ऐसा electronic मशीन हैं, जो data को ग्रहण कर एकत्रित करता हैं और क्रमबद्ध रूप से क्रियान्वित कर उसे पूर्ण डाटा में परिवर्तित करता हैं।**

कम्प्युटर शब्द में हम कम्प्युटर को इस तरह कह सकते हैं- **'सामान्य तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले एक ऐसा उपकरण जिसका उपयोग तकनीक, एजुकेशन और रिसर्च करने के कामों में किया जाता है।**

Logo- कम्प्यूटर एक यंत्र है व इसे सॉफ्टवेयर या प्रोग्राम के अनुसार किसी परिणाम के लिए प्रोसेस करता है। कम्प्यूटर को कृत्रिम बुद्धि की संज्ञा दी गई है। इसकी स्मरण शक्ति मनुष्य की तुलना में उच्च होती है।

कम्प्यूटर की विशेषताएँ :

1. यह तीव्र गति से कार्य करता है अर्थात समय की बचत होती है।
2. यह त्रुटिरहित कार्य करता है।
3. यह स्थायी तथा विशाल भंडारण क्षमता की सुविधा देता है।
4. यह पूर्व निर्धारित निर्देशों के अनुसार तीव्र निर्णय लेने में सक्षम है।

कम्प्यूटर के उपयोग :

1. शिक्षा के क्षेत्र में
2. वैज्ञानिक अनुसंधान में
3. रेलवे तथा वायुयान आरक्षण में
4. बैंक में
5. रक्षा में
6. व्यापार में
7. संचार में
8. मनोरंजन में

कम्प्यूटर के कार्य

1. डेटा संकलन (Data Collection)
2. डेटा संचयन (Data Storage)
3. डेटा संसाधन (Data Processing)
4. डेटा निर्गमन (Data Output)

कंप्यूटर के उपयोग (लाभ)

1. कंप्यूटर का उपयोग औद्योगिक क्षेत्र में।
2. कंप्यूटर का प्रयोग घरों में किया जाता है।
3. कंप्यूटर का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में किया जाता है।
4. सूचना एवं समाचार के क्षेत्र में।
5. कंप्यूटर का प्रयोग बैंक में किया जाता है।
6. कंप्यूटर का उपयोग विज्ञान में किया जाता है।
7. कंप्यूटर का उपयोग चिकित्सा तथा स्वास्थ्य में किया जाता है।
8. कंप्यूटर का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में किया जाता है।
9. कंप्यूटर का प्रयोग खेलों में किया जाता है।
10. कंप्यूटर का उपयोग सभी प्रशासनिक क्षेत्र और सरकारी कार्यालय में किया जाता है।

दरअसल ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा जहां कंप्यूटर का प्रयोग नहीं किया जाता है यह कार्य को बहुत ही कम समय में पूरा कर देता है।

कंप्यूटर से हानि-

1. इसकी लत मानव को बीमार बना रहा है।
2. स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव।
3. मोबाइल कंप्यूटर पर ज्यादा देखने से आंखों को नुकसान।
4. लोगों का मिलना जुलना बंद हो गया लोग ज्यादातर सोशल नेटवर्किंग साइट जैसे ,फेसबुक ,व्हाट्सएप्प ,पर चैट करना ज्यादा पसंद करने लगे हैं।

5. बड़ी कंपनियों में मजदूरों की जगह रोबोट ने ले लिया है जिससे उनका रोजगार छीन रहा है।
6. इंटरनेट के माध्यम से ठगी बहुत बढ़ गई है।
7. बैंक के पर्सनल डाटा चोरी चोरी हो जाते हैं।
8. साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं।

**<u>उपसंहार:-</u>** अक्सर लोग सोचते हैं कि कम्प्यूटर एक सर्वशक्तिमान सुपरमैन की तरह है परन्तु ऐसा है नहीं । यह केवल एक स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक मशीन है जो तीव्र गति से कार्य करता है और गलती नहीं करता है । कम्प्यूटर गणितीय और अगणितीय क्रियाओं को करने वाला इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है और इसकी क्षमता सीमित है । यह आँकड़ों को इनपुट के तौर पर लेता है उन्हें प्रोसेस करता है और आउटपुट के तौर पर अर्थपूर्ण नतीजे प्रदान करता है । हम अपरिपक्व तथ्यों को आँकड़े के रूप में इकट्ठे करते हैं और ये आँकड़े कम्प्यूटर में डाले जाते हैं । कम्प्यूटर इन आँकड़ों को प्रोसेस करके हमें वह जरूरी सूचनायें प्रदान करता है जिसे हमने कंप्यूटर को निर्देश किया हैं। कम्प्युटर अपना कार्य अकेला नही कर सकता है, कम्प्युटर किसी कार्य को करने के लिए कई तरह के उपकरणों तथा प्रोग्राम की सहायता लेता है । कम्प्युटर के ये उपकरण और प्रोग्राम क्रमश: 'Hardware तथा Software ' के नाम से जाने जाते है । आज हम पाते हैं की हमारा युग कंप्यूटर का युग बन गया है और इससे हम लोगों का आपसी मेल मिलाप कम होता जा रहा है, जिससे शिष्टाचार भी कम होता जा रहा है। कंप्यूटर, मोबाइल ,हर व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा बन गया है, आज लोगों के सुबह की शुरुआत से लेकर रात के सोने तक कंप्यूटर मोबाइल ने ले लिया है। हमें कंप्यूटर को अपना सहयोगी समझकर अपनाना चाहिए ना की जीवन का हिस्सा, परंतु यह भी हम नजर-अंदाज नहीं कर सकते हैं कि इसके प्रयोग से सभी क्षेत्र में हमारा देश विकास पथ पर बढ़ रहा है। और विश्व में अपना गौरव और अपना नाम बढ़ा रहा है।